संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार स्वतंत्र एलान पृष्ठ 03 दिनांक 27/02/2021

# 10 व्यक्तियों पर स्पॉट फाईन कर 7 किलो पॉलिथीन जब्त

रतलाम ● नगर निगम के स्पॉट फाईन दल द्वारा ऐसे दुकानदार व सब्जी विक्रेता जो कि गंदगी कर रहे थे व 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलिथीन उपयोग कर रहे थे उन पर की गई जुर्माने की कार्रवाई के तहत ललित नाहरपुरा, संजय माहेश्वरी धानमण्डी पर 500–500, राहुल, गुड्डू भाई बाजना बस स्टैण्ड पर 250–250, सरूप, राहुल गांधी बाजना बस स्टैण्ड पर 150–150, हितेन्द्र धानमण्डी पर 100, श्यामाबाई, कान्हा भाई व एक अन्य बाजना बस स्टैण्ड पर 50–50 रुपए का जुर्माना कर भविष्य में 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलिथीन उपयोग ना करने की समझाईश दी गई व लगभग 7 किलो पॉलिथीन जब्त की गई। नगर के नागरिक, दुकानदार व फुटकर व्यापारियों से अपील की जाती है कि वे 50 माईक्रॉन से कम मोटाई वाली पॉलिथीन व प्लास्टिक का उपयोग व भण्डारण ना करें। जुर्माने की कार्रवाई प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाडे, उप स्वच्छता निरीक्षक श्री जय उपाध्याय आदि के द्वारा की गई। स्वदेश २८

# अनुपस्थित 4 मालियों को कारण बताओ सूचना-पत्र

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार 25 फरवरी गुरुवार को कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित नीरज-कन्हैयालाल, राकेश-बजरंगलाल, ईश्वर -तेजराम व राजेश-अम्बाराम का वेतन काटे जाने व सेवा से बर्खास्त किये जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना-पत्र जारी कर तीन दिवस में स्पष्टीकरण चाहा गया। इन्दौर २८

# अनुपस्थित 4 मालियों को कारण बताओ सूचना-पत्र

रतलाम ● निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार 25 फरवरी को कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित नीरज कन्हैयालाल, राकेश बजरंगलाल, ईश्वर तेजराम व राजेश अम्बाराम का वेतन काटे जाने व सेवा से बर्खास्त किए जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना-पत्र जारी कर तीन दिवस में स्पष्टीकरण चाहा गया। स्वदेश २८

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने कोरोना काल में भी एक स्थान से दूसरे स्थान पर मध्यप्रदेश से होकर जाने वाले प्रवासी मजदूरों के भोजन की व्यवस्था की गई थी। सरकार ने संबल और अन्य अनेक योजनाएँ प्रारंभ की हैं, जो गरीबों के लिए अनाज, उनके इलाज और दुर्घटना की स्थिति में आर्थिक सहयोग जैसे सभी आवश्यक प्रबंध करती हैं। प्रदेश में गरीबों के उपचार के लिए दो करोड़ आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए हैं। इसमें चिन्हित अस्पतालों में व्यक्ति को 5 लाख रुपए तक के उपचार की सुविधा उपलब्ध है। सभी गरीबों को आने वाले तीन वर्ष में पक्की छत मिलेगी। प्रदेश के करीब 3 लाख स्ट्रीट वेण्डर्स को अपना कारोबार विकसित करने के लिए 10 हजार रूपए प्रति हितग्राही के मान से ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध करवाया गया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि गरीबों को भोजन व्यवस्था और उन्हें सहायता देने से दुआएँ मिलती हैं। यह कार्य सरकार, सामाजिक संस्था और व्यक्तिगत स्तर पर सभी प्रकार से किया जाना चाहिए।

हितग्राहियों से संवाद-मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कार्यक्रम में मुरैना के हाथठेला लगाने वाले श्री शकील, धार के ऑटोचालक श्री बापू सिंह, उज्जैन के पुताई श्रमिक श्री संतोष, छतरपुर के फल विक्रेता श्री मोहन और इंदौर के श्रमिक श्री कालू सिंह से बातचीत की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने हितग्राहियों से उन्हें दीनदयाल रसोई केन्द्र से मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता के संबंध में भी पूछा। हितग्राहियों ने योजना में मिल रही सुविधा की जानकारी दी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार सच्चा ऐलान पृष्ठ 08 दिनांक 28/01/2021

# गरीबों को सुस्वादु और पौष्टिक भोजन उपलब्ध करवाकर प्राप्त करें अनमोल दुआएँ : मुख्यमंत्री श्री चौहान

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेश में 100 दीनदयाल रसोई केन्द्रों का किया वर्चुअल लोकार्पण

रतलाम। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि गरीबों को सुस्वादु और पौष्टिक भोजन उपलब्ध करवाकर अनमोल दुआएँ प्राप्त करें। नगरीय निकाय और जो स्वैच्छिक संस्थाएँ यह कार्य कर रही हैं, निश्चित ही बधाई की पात्र हैं। भूखे को भोजन और प्यासे को पानी पिलाने से नारायण मिल जाते हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज मिंटो हाल में दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना के अंतर्गत प्रदेश में सुदृढ़ीकृत और नवीन 100 रसोई केंद्र का वर्चुअल शुभारंभ कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि रोटी, कपड़ा, मकान, पढ़ाई-लिखाई और दवाई बुनियादी जरूरतें हैं। कहा भी गया है भूखे भजन न हो गोपाला। अन्न ही ब्रह्म है। अपने गाँव छोड़कर शहरों में आने वाले श्रमिक और अन्य लोग अपना और बच्चों का आसानी से पेट भर सकें, इस दृष्टि से रसोई केन्द्र उपयोगी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से प्रारंभ इस योजना का विस्तार किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के जिला मुख्यालयों के अलावा प्रमुख धार्मिक पर्यटन नगर योजना में जोड़े गए हैं। इसके अलावा अन्य कस्बों, नगरों में भी रसोई केन्द्र प्रारंभ किए गए हैं। इनका विस्तार किया जाए। यह मानवता के लिए महत्वपूर्ण कदम होगा।

छतरपुर जिला प्रशासन द्वारा सामाजिक संगठन को रसोई केन्द्र के आधुनिकीकरण में सहयोग के लिए बधाई दी। इसी तरह मुरैना नगर निगम को भी कोरोना काल में रसोई घर के नियमित संचालन के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने किया पोर्टल का लोकार्पण- मुख्यमंत्री श्री चौहान ने योजना के लिए बनाए गए पोर्टल का लोकार्पण किया। इस पोर्टल से योजना का नियमित और सतत पर्यवेक्षण किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने योजना के क्रियान्वयन में सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग की सराहना की। दो निगमों द्वारा 20 लाख रूपए की सहयोग राशि भेंट-मुख्यमंत्री श्री चौहान की उपस्थिति में खनिज मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह और खनिज निगम के अध्यक्ष श्री प्रदीप जायसवाल ने निगम की ओर से 10 लाख रूपए की राशि सीएसआर के तहत दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना के क्रियान्वयन के लिए सहयोग स्वरूप प्रदान की। इसके साथ ही विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने मध्यप्रदेश इलेक्ट्रानिक विकास निगम की ओर से 10 लाख रूपए की राशि का चेक नगरीय विकास और आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह और राज्य मंत्री श्री ओ.पी.एस. भदौरिया को प्रदान किया।

लघु फिल्म का प्रदर्शन-शुभारंभ समारोह में योजना के क्रियान्वयन पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। लघु फिल्म में योजना का लाभ लेने वाले हितग्राहियों के साक्षात्कार शामिल किए गए हैं। यह फिल्म पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय के विचार और मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा उसके मध्यप्रदेश में क्रियान्वयन पर केन्द्रित है।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान गरीबों की सेवा के लिये हमेशा तत्पर रहते हैं। इनकी सोच का ही परिणाम है कि मध्यप्रदेश में गरीबों के कल्याण के लिये संबल, दीनदयाल रसोई और स्ट्रीट वेण्डर जैसी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान का प्रयास है कि गरीबों की अधिक से अधिक मदद की जाये। उन्होंने कहा कि रसोई केन्द्रों में गाँव से शहर आने वाले श्रमिकों के साथ ही शहर के गरीबों को मात्र 10 रूपये में भरपेट भोजन उपलब्ध होगा। रसोई - 28

# हाथीखाना रोड से कच्चा रास्ता बंद करने पर हाईकोर्ट में जनहित याचिका

## प्रमुख सचिव सहित पांच अधिकारियों को जारी किए नोटिस

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** हाथीखाना रोड से नजर बाग कालोनी व बाइजी का वास की तरफ जा रहे कच्चे रास्ते बंद करने के खिलाफ समाजसेवी साजिद हुसैन व जफर खान द्वारा शासन व प्रशासन के खिलाफ प्रस्तुत जनहित याचिका हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने स्वीकार की है। हाईकोर्ट ने मध्यप्रदेश शासन के प्रमुख सचिव, राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव, कलेक्टर, एसपी व एसडीएम को इस संबंध में चार सप्ताह में अपना पक्ष प्रस्तुत करने के लिए नोटिस जारी किए हैं।

साजिद हुसैन व जफर निवासी हाथीखान के अभिभाषक ने बताया कि याचिका में कहा गया है कि उक्त रास्ता रणजीत पुलिस लाइन के पास से होकर जाता है, जो रूढ़िगत होकर राजा-महाराजाओं के समय से परम्परानुसार दो सौ वर्ष से अधिक पुराना है। उक्त रास्ता पुलिस विभाग द्वारा जिले के प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर बंद कराया जा रहा है। यह रास्ता बाईजी का वास से जुड़ा होकर आगे जाकर नगर निगम व शहर के अन्य रास्तों व बाजार को जोड़ता है। क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग निवास करते हैं और उक्त रास्ते से आवागमन कर अपने दैनिक व अन्य कार्य करते हैं। इस संबंध में मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक, एसपी, नगर निगम आयुक्त को आवेदन प्रस्तुत कर रास्ता बंद नहीं करने का निवेदन किया गया। सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन शिकायत का निराकरण नहीं किया गया। नागरिकों के आवागमन के लिए रास्ता चालू रखा जाए। याचिका को हाईकोर्ट ने सुनवाई के लिए स्वीकार कर ली है।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नईदुनिया–पृष्ठ 05 दिनांक 28/02/2021

गंदगी और बदबू की समस्या खत्म होने लगी

# 16 हजार घरों में दिया सीवरेज का कनेक्शन, नालियां सूखीं

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। सीवरेज प्रोजेक्ट का काम लगभग पूरा होने को है। शहर में करीब 17 किमी लाइन डाली जाना ही बाकी है। जहां लाइन डाल दी गई है, वहां हाउस कनेक्शन भी किए जा रहे हैं। इससे नालियों में गंदगी की समस्या खत्म हो रही है। हालांकि इन पाइप लाइनों को आगे जाकर नालों में ही छोड़ा जा रहा है। जल्द ही सभी पाइप लाइनों को एसटीपी से जोड़ दिया जाएगा।

शहर के महावीर नगर, नयागांव, इंद्रलोक नगर, विरियाखेड़ी, विनोबा नगर, दिलीप नगर सिलावटों का वास, हिम्मत नगर और ओसवाल नगर जैसे इलाकों के तमाम घरों को सीवरेज लाइन से जोड़ा जा चुका है। शहर में कुल 43273 घरों में से 16 हजार से अधिक घरों को अब तक सीवरेज प्रोजेक्ट से जोड़ दिया गया है। इन सभी इलाकों में रहने वाले नागरिकों को अब नालियों की गंदगी और बदबू से छुटकारा मिल गया है। मच्छर आदि की समस्या भी समाप्त हो गई है। सीवरेज प्रोजेक्ट व्यवस्थित ढंग से पूरा हो जाने के बाद शहर की नालियों और बड़े नालों में गंदा पानी और गंदगी बहना पूरी तरह से खत्म हो जाएगा और सिर्फ बारिश का पानी बहेगा। रतलाम अमृत योजना के तहत सीवरेज प्रोजेक्ट की समीक्षा बैठक में मानीटरिंग एजेंसी वेपकोस के अधिकारियों ने बताया कि 136.67 करोड़ लागत के सीवरेज प्रोजेक्ट में अब तक करीब 87 प्रतिशत से अधिक काम पूरा हो चुका है। शहर में डलने वाली कुल 273 किमी पाइप लाइन में से 256 किमी लाइन डाली जा चुकी है। इसी तरह घरों को जोड़ने वाली कुल 216 किमी लाइन में से 213 किमी लाइन डाली जा चुकी है।



सीवरेज कनेक्शन के बाद घरों के पीछे नालिया सूख गई है, इससे गंदगी भी कम हो गई है। • नईदुनिया

## दो एसटीपी पर काम अंतिम दौर में

शहर में दो एसटीपी प्लांट और पांच पंपिंग स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं। इनमें से करमदी में 21 एमएलडी और खेतलपुर में 16 एमएलडी क्षमता का एसटीपी प्लांट होगा। एसटीपी प्लांट का भी 82 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। समीक्षा बैठक में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने निर्देश दिए कि सीवरेज प्रोजेक्ट का काम 30 जून तक पूरा कर लिया जाना चाहिए।

# स्वच्छता कार्य में नियुक्त वार्डवार पर्यवेक्षक अपने-अपने वार्डों में प्रतिदिन भ्रमण करें

रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता में नम्बर 1 बनाने हेतु युद्ध स्तर पर की जाने वाली तैयारियों के संबंध में वार्ड वार नियुक्त पर्यवेक्षकों अपने-अपने वार्डों में सफाई कार्य हेतु पर्यवेक्षण निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार किया जाकर प्रतिदिन के पर्यवेक्षण कार्य की रिपोर्ट व्हाट्स एप ग्रुप में दी जाकर स्वच्छता संबंधी कार्य करवायाजा रहा है।

निगम आयुक्त श्री झारिया के निर्देशानुसार वार्ड क्रमांक 5, 37, 38, 39 व 46, के पर्यवेक्षकों ने अपने-अपने वार्ड में भ्रमण कर जानकारी प्रस्तुत की, जिसके तहत वार्ड क्रमांक 5 में सफाई संरक्षक समय पर उपस्थित नहीं हुए, इसी तरह वार्ड 37 में 6, 38 में 3 व वार्ड 46 में 2 सफाई संरक्षक अनुपस्थित पाए गए, इसके अलावा वार्ड 39 स्थित पैलेस रोड पर घांस विक्रेता से घांस जप्त की गई। निगम आयुक्त श्री झारिया ने नियुक्त पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया है कि वे अनिवार्य रूप से प्रतिदिन अपने-अपने वार्डों में प्रातः 6 बजे से भ्रमण कर प्रतिदिन के कार्य की रिपोर्ट व्हाट्स एप ग्रुप में अपलोड करें। वार्डों में भ्रमण नहीं करने वाले पर्यवेक्षकों व जानकारी नहीं देने वाले पर्यवेक्षकों पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# स्वच्छता पर्यवेक्षक प्रतिदिन की जानकारी वाट्सअप पर अपडेट करें

रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता में नम्बर 1 बनाने हेतु युद्ध स्तर पर की जाने वाली तैयारियों के संबंध में वार्ड वार नियुक्त पर्यवेक्षकों अपने-अपने वार्डों में सफाई कार्य हेतु पर्यवेक्षण निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार किया जाकर प्रतिदिन के पर्यवेक्षण कार्य की रिपोर्ट व्हाट्स एप ग्रुप में दी जाकर स्वच्छता संबंधी कार्य करवाया जा रहा है। निगम आयुक्त श्री झारिया ने नियुक्त पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया है कि वे अनिवार्य रूप से प्रतिदिन अपने-अपने वार्डों में प्रातः 6 बजे से भ्रमण कर प्रतिदिन के कार्य की रिपोर्ट व्हाट्स एप ग्रुप में अपलोड करें। वार्डों में भ्रमण नहीं करने वाले पर्यवेक्षकों व जानकारी नहीं देने वाले पर्यवेक्षकों पर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। इसके अलावा नियुक्त पर्यवेक्षक प्रतिदिन के कार्यों की रिपोर्ट प्रतिदिन सायं 6 बजे प्रस्तुत करेंगे।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार इन्दौर समाचार पृष्ठ 04 दिनांक 27/02/2021

# 10 व्यक्तियों पर स्पॉट फाईन कर 7 किलो पॉलीथीन जब्त

## 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन उपयोग प्रतिबंधित, उपयोग व भण्डारण पर होगी जब्ती व लगेगा दण्ड

**रतलाम।** शासन निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र रतलाम में 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व प्लास्टिक उपयोग प्रतिबंधित किया गया है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगरीय क्षेत्र रतलाम में सब्जी, फल-फ्रुट व अन्य सामग्री के फुटकर व्यवसायी अगर 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का उपयोग करते हैं तो उन पर 50 रूपये का अर्थदण्ड किया जाकर पॉलीथीन जब्ती की कार्यवाही की जायेगी। इसी तरह दुकानदारो द्वारा 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का उपयोग व भण्डारण करता है तो उस पर 5000/- रूपये का अर्थदण्ड किया जाकर पॉलीथीन जब्ती की कार्यवाही की जायेगी।

नगर निगम के स्पॉट फाईन दल द्वारा ऐसे दुकानदार व सब्जी विक्रेता जो कि गंदगी कर रहे थे व 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन उपयोग कर रहे थे उन पर की गई जुर्माने की कार्यवाही के तहत ललीत नाहरपुरा, संजय माहेश्वरी धानमण्डी पर 500-500, राहूल, गुड्डु भाई बाजना बस स्टैण्ड पर 250-250, सरूण, राहूल गांधी बाजना बस स्टैण्ड पर 150-150, हितेन्द्र धानमण्डी पर 100, श्यामाबाई, कान्हा भाई व एक अन्य बाजना बस स्टैण्ड पर 50-50 रूपये का जुर्माना कर भविष्य में 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन उपयोग ना करने की समझाईश दी गई व लगभग 7 किलो पॉलीथीन जब्त की गई। नगर के नागरिक, दुकानदार व फुटकर व्यापारियों से अपील की जाती है कि वे 50 माईक्रॉन से कम मोटाई वाली पॉलीथीन व प्लास्टिक का उपयोग व भण्डारण ना करें। जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक जय उपाध्याय आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## स्वच्छता कार्य में नियुक्त वार्डवार पर्यवेक्षक अपने-अपने वार्डो में प्रतिदिन भ्रमण करें

**रतलाम।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता में नम्बर 1 बनाने हेतु युद्ध स्तर पर की जाने वाली तैयारियों के संबंध में वार्ड वार नियुक्त पर्यवेक्षकों अपने-अपने वार्डो में सफाई कार्य हेतु पर्यवेक्षण निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देषानुसार किया जाकर प्रतिदिन के पर्यक्षण कार्य की रिपोर्ट व्हाट्स एप ग्रुप में दी जाकर स्वच्छता संबंधी कार्य करवाया जा रहा है। निगम आयुक्त श्री झारिया के निर्देशानुसार वार्ड क्रमांक 5, 37, 38, 39 व 46, के पर्यवेक्षकों ने अपने-अपने वार्ड में भ्रमण कर जानकारी प्रस्तुत की जिसके तहत वार्ड क्रमांक 5 में सफाई संरक्षक समय पर उपस्थित नहीं हुए इसी तरह वार्ड 37 में 6, 38 में 3 व वार्ड 46 में 2 सफाई संरक्षक अनुपस्थित पाये गये इसके अलावा वार्ड 39 स्थित पैलेस रोड पर घांस विक्रेता से घांस जब्त की गई।

# 10 व्यक्तियों पर स्पॉट फाईन कर 7 किलो पॉलीथीन जब्त

प्रतारण न्यूज़ • रतलाम

*शासन निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र रतलाम में 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व प्लास्टिक उपयोग प्रतिबंधित किया गया है।*

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगरीय क्षेत्र रतलाम में सब्जी, फल-फ्रूट व अन्य सामग्री के फुटकर व्यवसायी अगर 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का उपयोग करते हैं, तो उन पर 50 रूपए का अर्थदण्ड किया जाकर पॉलीथीन जब्ती की कार्यवाही की जाएगी। इसी तरह दुकानदारों द्वारा 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का उपयोग व भण्डारण करता है, तो उस पर 5000/- रूपए का अर्थदण्ड किया जाकर पॉलीथीन जब्ती की कार्यवाही की जाएगी।

नगर निगम के स्पॉट फाईन दल द्वारा ऐसे दुकानदार व सब्जी विक्रेता जो कि गंदगी कर रहे थे व 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन उपयोग कर रहे थे, उन पर की गई जुर्माने की कार्यवाही के तहत ललीत नाहरपुरा, संजय माहेश्वरी धानमण्डी पर 500-500, राहूल, गुड्डु भाई बाजना बस स्टैण्ड पर 250-250, सरूण, राहूल गांधी बाजना बस स्टैण्ड पर 150-150, हितेन्द्र धानमण्डी पर 100, श्यामाबाई, कान्हा भाई व एक अन्य बाजना बस स्टैण्ड पर 50-50 रूपए का जुर्माना कर भविष्य में 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन उपयोग ना करने की समझाईश दी गई व लगभग 7 किलो पॉलीथीन जब्त की गई।

नगर के नागरिक, दुकानदार व फुटकर व्यापारियों से अपील की जाती है कि वे 50 माईक्रॉन से कम मोटाई वाली पॉलीथीन व प्लास्टिक का उपयोग व भण्डारण ना करें।

जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक जय उपाध्याय आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

**जनता से जुड़े प्रोजेक्ट** • विभागों की खींचतान में पांच साल से जनता हो रही परेशान, सरकारी एजेंसी पर भरोसा पड़ा भारी

# सरकारी रवैया : सिविक सेंटर में फ्लैट लेकर उलझे तो आरडीए ने मूलभूत सुविधा के बिना प्लॉट बेचे


- पांच साल में अफसर बदले, समस्या आज भी जस की तस कायम
- अब जवाबदारी एक दूसरे पर डाल रहे
- रतलाम-बाजना टू लेन भी पूरा नहीं हुआ

भास्कर संवाददाता | रतलाम

विभागों में तालमेल नहीं होने से जनता से जुड़े काम पांच साल में भी पूरे नहीं हो पाए हैं। इन पांच साल में अफसर तो बदल गए हैं लेकिन जनता की परेशानी आज भी बरकरार है। विभाग के अफसर समस्या समझ इसे दूर करने की बजाय एक दूसरे पर जिम्मेदारी डाल रहे हैं।

विभागों की लापरवाही का खामियाजा जनता को परेशानी के रूप में रोज भुगतना पड़ रहा है। इससे पांच साल बाद भी जनता से जुड़े काम अधूरे हैं और जनता आज भी परेशान हो रही है। फिर भले ही वो सिविक सेंटर के फ्लैट के आवंटन का मामला हो या फिर रतलाम विकास प्राधिकरण की कॉलोनियों में मूलभूत सुविधा का, या रतलाम-बाजना टू लेन का मामला। पांच साल बाद भी आज तक समस्या का हल नहीं हो पाया है।


## 1. सिविक सेंटर : पांच साल में ना फ्लैट मिले और ना खरीदारों को वापस रुपए



5 साल पहले वर्ष 2016 में नगर निगम ने सिविक सेंटर के फ्लैट आवंटन की विज्ञप्ति जारी की थी। घर का सपना पूरा करने के लिए लोगों ने फ्लैट के लिए बुकिंग कराई और एडवांस 5 से 30 लाख रुपए की राशि जमा कराई। उस दौरान निगम ने एक महीने में आवंटन भरोसा दिया। बस इसी भरोसे में घर खरीदार फंस गए। आज ना तो फ्लैट मिल रहे हैं और ना ही रुपए। फ्लैट की रजिस्ट्री कब से निगम करेगा इसके लिए जब लोग निगम जा रहे हैं तो जवाब मिल रहा है कि जिला प्रशासन के यहां मामला अटका है और जिला प्रशासन के यहां जाते हैं तो बोलते निगम जाओ।

- **योजना-** आवासीय योजना सिविक सेंटर
- **बुकिंग शुरू हुई थी-** 2016 में
- **बुकिंग के बाद फ्लैट मिला था-** एक महीने में
- **अब स्थिति-** नगर निगम ना तो फ्लैट दे रहा है और ना ही रुपए लौटा रहा
- **अफसरों का तर्क-** • **नगर निगम-** इंजीनियर जीके जायसवाल ने बताया तीन से चार दिन पहले ही मुझे इसका प्रभार मिला है। मामला दिखवाते हैं। अधिकारियों से चर्चा की जाएगी।
- **जिला प्रशासन-** एडीएम जमुना भिड़े ने बताया निगम पर भूभाटक की राशि बकाया है। इससे मामला अटका है। दिखवाते हैं।

## 2. प्लॉट : सरकारी एजेंसी पर भरोसा कर खरीदे, अब दो विभागों के बीच फंसे



आरडीए (रतलाम विकास प्राधिकरण) सरकारी एजेंसी है। इस भरोसे के चलते लोगों ने कॉमर्स कॉलेज के पास की दो कॉलोनी माही विहार और योगी विहार में प्लॉट खरीदे और फिर मकान बनाए, लेकिन लोगों को बाद में पता चला कि हम तो आरडीए के झांसे में आ गए। क्योंकि शानदार सड़क, पानी की टंकी, संपवेल देखकर प्लॉट खरीदा था। लेकिन यहां तो मूलभूत सुविधा के इंतजाम ही नहीं हैं। नगर निगम का कहना है कि आरडीए ने हमें कॉलोनी व्यवस्थित कर नहीं दी। पाइप लाइन व्यवस्थित करा कर दे और अन्य जो कमी है वो पूरी कर दे तो हम हैंडओवर मानेंगे।

- **कॉलोनियों में बुकिंग हुई थी-** 2011 में
- **कितने लोग रहते हैं-** 200
- **हैंडओवर हुई-** 2016 में
- **अभी स्थिति-** माही विहार और योगी विहार में पानी की टंकी, संपवेल और पाइप लाइन तो है लेकिन निगम की मुख्य लाइन से नहीं जुड़ पाया है। इससे यहां के रहवासी ट्यूबवेल के भरोसे हैं।
- **अफसरों का तर्क** • **नगर निगम-** ईई एसपी आचार्य का कहना है कि निगम हमें कॉलोनी व्यवस्थित कर दे लेकिन पाइप लाइन फूटी है।
- **आरडीए-** आरडीए की प्रभारी जमुना भिड़े ने बताया नगर निगम को कॉलोनी हैंडओवर हो चुकी है। हमने सभी काम पूरे किए हैं।

## 3. सड़क : 7 किमी का सफर पूरा करने में लग रहे 20 मिनट, 5 साल से अधूरी



रतलाम- बाजना टू लेन पर राजापुरा माताजी, छावनी छोड़िया के यहां रोड पांच साल से नहीं बन पाया है। के पास वन विभाग की जमीन है। लोक निर्माण विभाग का कहना है कि जमीन देने में वन विभाग अड़ंगा लगा रहा है। वहीं वन विभाग का कहना है कि हम सशर्त अनुमति देने को तैयार हैं। नतीजतन अब तक रोड का काम पूरा नहीं हो पाया है। इससे गिट्टी और मिट्टी से लोग परेशान हैं और इस मार्गसे वाहन चालकों को आने जाने में दिक्कत आ रही है। दोनों विभाग के अफसर जल्द ही काम शुरू करने की बात कह रहे हैं।

- **निर्माण शुरू हुआ-** वर्ष 2016 में
- **लंबाई-** 56 किमी
- **कितना किमी का हिस्सा अधूरा-** 7 किमी
- **लागत-** 109 करोड़ रुपए
- **अभी यह स्थिति है-** दो किमी का हिस्सा अब तक पूरा नहीं हुआ है। हादसे का डर है।
- **अफसरों के तर्क** • **लोक निर्माण विभाग-** ईई दीपेश गुप्ता ने बताया निर्माण शुरू करने का प्रयास कर रहे हैं। विभाग से बातचीत चल रही है। अनुमति मिलते ही काम शुरू कर देंगे।
- **वन विभाग-** डीएफओ डीएस डोडवे का कहना है कि हम सशर्त निर्माण की अनुमति देने को तैयार हैं। पत्र लिख रहे हैं।

# अब गरीबों को दस रुपए में मिलेगा भरपेट भोजन

## रतलाम में तीन स्थानों पर दीनदयाल अंत्योदय रसोई का शुभारंभ

दबंग रिपोर्टर ■ रतलाम

दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना के तहत 100 नवीन और सुदृढ़ीकृत रसोई केन्द्रों का ई लोकार्पण मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने भोपाल के मिन्टो हॉल में दीनदयाल रसोई योजना पोर्टल का रिमोट से बटन दबाकर किया।

आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण राजीव गांधी सिविक सेन्टर स्थित दीनदयाल रसोई योजना केन्द्र क्रमांक 1 पर किया गया, जिसे पूर्व निगम अध्यक्ष अशोक पोरवाल के अलावा मनोहर पोरवाल, निर्मल कटारिया, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेश व्यास, जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री ब्रजेश कुशवाह, सिटी मैनेजर नितिन तिवारी, कपिल मारोठिया, झोन प्रभारी किरण चौहान के अलावा राकेश परमार सहित हितग्राही आदि ने देखा व सुना। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा किये गये लोकार्पण के तहत नगर निगम द्वारा राजीव गांधी सिविक सेंटर, डॉ अंबेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड तथा त्रिपोलिया गेट पर दीनदयाल रसोई आरंभ की गई, जहां गरीब, निर्धन व जरूरतमंद व्यक्तियों को 10 रुपए में भरपेट भोजन थाली की सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम के सीधे प्रसारण के बाद तीनों रसोई केन्द्रों की शिलालेख पट्टिकाओं का अनावरण किया गया। कार्यक्रम पश्चात दीनदयाल अंत्योदय रसोई प्रारंभ करते हुए निर्धन व्यक्तियों को भोजन परोसा गया, जिसके तहत राजीव गांधी सिविक सेन्टर पर 75, त्रिपोलिया गेट पर 69 व डॉ अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड पर 14 सहित कुल 158 व्यक्तियों ने भोजन ग्रहण किया।



DB/1-28

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–पत्रिका–––पृष्ठ 06 दिनांक 28/02/2021

आयुक्त कर रहे टीम के साथ निरीक्षण

# शहर में लीकेज और गंदगी जारी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**रतलाम.** स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में नंबर एक पर आने के लिए एडी चोटी का जोर लगा रही निगम को लीकेज से गंदगी परेशान कर रहे है। शनिवार को रविदास जयंति के दिन भी नगर निगम उनके नाम पर बनी सड़क से लेकर चौराहे तक को साफ रखने में असफल साबित हुई। आयुक्त सोमनाथ झारिया दल बल के साथ निरीक्षण तो कर रहे है, लेकिन लीकेज से लेकर गंदगी को रोकने में सफलता नहीं मिल रही है।

स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए नगर निगम कई नवाचार कर रहा है। कागज में चल रहे इन नवाचार को मैदान में अब तक उतारने में सफलता नहीं मिली है। कुछ दिन पूर्व मोहल्लों में महिलाओं की समिति बनाने की बात जोर शोर से कही गई थी। एक पखवाड़े बाद तक निगम किसी भी मोहल्ले में एक भी समिति बनाने में सफल नहीं हो पाई है। रात में मवेशी पकड़ना अब तक शुरू नहीं हो पाया है। इन सब के बीच आयुक्त मोहल्लों में जाकर गंदगी दिखने पर कर्मचारी पर तो कार्रवाई कर रहे है, लेकिन रहवासी क्षेत्र में रहने वाले जो लोग गंदगी कर रहे है, उनपर कोई कार्रवाई निगम का स्वास्थ्य विभाग का अमला नहीं कर पा रहा है।

शनिवार को संत रविदास चौक से लेकर त्रिपोलिया क्षेत्र तक पानी का लीकेज जारी रहा। रहवासियों के अनुसार कई बार निगम के जिम्मेदारों को इस बारे में बता दिया गया, सुधार भी हुआ, लेकिन फिर लीकेज हो रहा है। स्थायी समाधान के अभाव में संत की जयंति के दिन भी आमजन इस क्षेत्र में गंदगी से लेकर लीकेज तक से परेशान रहे। पत्रिका 28

हमारे क्षेत्र में लीकेज कई समय से हो रहा है। सुधार होता है, लेकिन फिर लीकेज शुरू हो जाता है। स्थायी समाधान नहीं होता है।
**–सुरेश राठौर,** रहवासी संत रविदास चौक

शहर में सूचना मिलने पर तुरंत लीकेज सुधार का कार्य किया जाता है। स्थायी समाधान के प्रयास जारी है। जल्दी ही निराकरण करेंगे।
**– एसपी आचार्य,** जलप्रभारी, नगर निगम



# पूजन कर जल देवता से पानी की मांग की गई

रतलाम। रतलाम विकास प्राधिकरण योजना क्रमांक 2 योगी विहार कॉलोनी के रहवासियों ने कॉलोनी में स्थित खाली पानी की टंकी का आरती व पूजन किया व जल देवता से प्रार्थना की गई की उन्हें नगर निगम से जल प्रदाय मिल सके। उल्लेखनीय है कि रतलाम विकास प्राधिकरण जो कि शासन द्वारा काटी गई कॉलोनी होकर पूरी तरह विकसित कॉलोनी है जिसका कोई भी विकास शुल्क रहवासियों द्वारा बाकी नहीं है और नगर निगम रोजाना पानी देने की बात कर रहा है। लेकिन शासन द्वारा काटी गई कॉलोनी में पानी की लाइन तक नहीं डली है। इसके विपरित इस कालोनी के आसपास की अर्धवैध या अवैध कॉलोनियों में जल प्रदाय किया जा रहा है। कांग्रेस नेत्री श्रीमती अदिति दवेसर, श्रीमती बबीता नगर ने पानी नहीं मिलने पर जन आंदोलन की चेतावनी भी दी है। इस अवसर पर कॉलोनी के चंद्रप्रकाश धूलधोये, तुलसीराम सिसोदिया, अमित परिया,देवेश जैन, एनके बोरिया, प्रेम नारायण पांचाल, अर्जुन योगी, करमैया जी, दीपक बोरासी, नवीन पांचाल एवम बड़ी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित थीं।

25-28

अनूठा • महाशिवरात्रि पर केदारेश्वर में अर्पण करेंगे

# 5 दिन में बनकर तैयार हुई 11 फीट लंबी अगरबत्ती

## दो साल पहले रामदेवरा में अर्पण कर चुके अगरबत्ती

भास्कर संवाददाता | रतलाम

निगम कर्मचारी ने अपने दो अन्य साथियों की मदद से 11 फीट लंबी अगरबत्ती बनाई है। अगरबत्ती को बनाने में 5 दिन का समय लगा है। इसमें 15 किलो अगरबत्ती का मसाला, 5 लीटर सेंट (झक्कास), 4 किलो लाठी कुल 24 किलो वजनी अगरबत्ती का निर्माण किया गया है। यह अगरबत्ती महाशिवरात्रि पर्व पर सैलाना के अडवानिया रोड स्थित भगवान केदारेश्वर को अर्पण कर प्रज्वलित की जाएगी।

उज्जैन में 2016 में हुए सिंहस्थ के दौरान आई 51 फीट लंबी अगरबत्ती को देख निगम के सामान्य प्रशासन विभाग के विजयसिंह राठौर ने भी अगरबत्ती बनाने का मन बनाया। दो साल पहले भी 11 फीट लंबी अगरबत्ती बनाकर राजस्थान के रामदेवरा में अर्पण कर चुके हैं।

विजय सिंह ने बताया कि साथी दशरथ सोलंकी व दिलीप गुर्जर की मदद से पांच दिनों में अगरबत्ती बनाकर तैयार कर दी है। अगरबत्ती अच्छी तरह सूखने के बाद सेंट लगाया जाएगा। उन्होंने बताया 10 मार्च की दोपहर 1 बजे भक्तन की बावड़ी स्थित मुक्तिधाम से केदारेश्वर छड़ी यात्रा निकलेगी। उसी यात्रा में अगरबत्ती को शामिल कर केदारेश्वर ले जाएंगे। 11 मार्च को महाशिवरात्रि होने पर ब्रह्म मुहूर्त में प्रज्वलित की जाएगी।



अगरबत्ती को अंतिम रूप देते हुए राठौर व उनके साथी।

भास्कर– 28

# धानमंडी में 1 मार्च को लगेगा निगम का बकाया वसूली शिविर

रतलाम। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम से संबंधीत करों को जमा कराने हेतु वार्ड वार बकाया वसूली शिविर 18 जनवरी से आयोजित किये गये है जो 27 मार्च तक चलेंगे।

आयोजित शिविरों में नागरिक नगर निगम की बकाया संपत्तिकरण, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लायसेंस शुल्क एवं विकास षाखा से संबंधित भवन की किश्त तथा भू-भाटक की बकाया राषि जमा करा सकेगें। निगम द्वारा आयोजित शिविरों में नागरिकों ने उत्साह दिखाते हुए गांधीनगर शिविर में संपत्तिकर 1,10,000/- व जलकर 6,000/-, मालवा नगर लक्ष्मणपुरा शिविर में संपत्तिकर 1,40,000/- व जलकर 55,775/-, अम्बे माता जवाहर नगर शिविर में संपत्तिकर 2,38,000/- व जलकर 49,010/-, विनोबा नगर शिविर में संपत्तिकर 1,29,000/- व जलकर 43,670/-, अलकापुरी कम्यूनिटी हॉल शिविर में संपत्तिकर 1,22000/- व जलकर 29,280/-, तिरूपति शिविर में संपत्तिकर 77,000/- व जलकर 19,850/-, कोमल नगर शिविर में संपत्तिकर 1,27,000/- व जलकर 48,220/-, मार्निंग स्टार स्कूल शिविर में संपत्तिकर 1,12,000/- व जलकर 14,000/-, कस्तुरबा नगर शिविर में संपत्तिकर 5,47,000/- व जलकर 86,540/-, प्रियदर्शनी नगर शिविर में संपत्तिकर 1,02,000/- व जलकर 3,76,905/-, डोंगरे नगर शिविर में संपत्तिकर 1,82,500/- व जलकर 76,470/-, हाट रोड शिविर में संपत्तिकर 68,000/- व जलकर 47,595/-, कलीमी कालोनी शिविर में संपत्तिकर 1,17,000/- व जलकर 22,680/-, राजेन्द्र नगर शिविर में संपत्तिकर 1,01,644/- व जलकर 55,320/-, काटजू नगर शिविर में संपत्तिकर 2,76,000/- व जलकर 59,500/-, वेदव्यास कालोनी शिविर में संपत्तिकर 26,62,144/- व जलकर 6,71,025/-, कल्याण नगर शिविर में संपत्तिकर 71,000/- व जलकर 19,000/-, दीनदयाल नगर शिविर में संपत्तिकर 2,47,000/- व जलकर 64,780/-, बोहरा बाखल शिविर में संपत्तिकर 4,92,000/- व जलकर 66,715/-, रामगढ़ शिविर में संपत्तिकर 1,60,000/- व जलकर 34,340/-, लकड़पीठा प्याऊ के पास शिविर में संपत्तिकर 2,30,000/- व जलकर 44,230/-, धानमण्डी षिविर में संपत्तिकर 1,20,000/- व जलकर 17,000/- की राशि जमा कराई। इस तरह नागरिकों ने अब तक आयोजित शिविरों में 40,41,144/- संपत्तिकर व 8,40,090/- जलकर की राषि जमा कराई। वार्ड वार आयोजित किये गये वसूली षिविरो के अंतगत्त वार्ड क्रमांक 48 व 49 के लिये 1 मार्च को आर्य समाज मंदिर धानमण्डी, वार्ड क्रमांक 40 व 41 के लिये 2 मार्च को जूनी कोर्ट किरण टॉकिज, वार्ड क्रमांक 28, 29, 36, 37 व 38 के लिये 3 से 4 मार्च को लॉ कॉलेज आनंद कालोनी, वार्ड क्रमांक 28 के लिये 5 माचजू को प्रताप नगर उद्यान के पास, वाडजू क्रमांक 13 के लिये 6 माचजू को महावीर नगर, वार्ड क्रमांक 39, 40 व 41 के लिये 8 से 9 माचजू तक पैलेस रोड तिराहा, वार्ड क्रमांक 25, 26 व 27 के लिये 10 मार्च को चौगानिया भेरू, आदि क्षेत्रों में कार्यालयीन् समय में शिविर आयोजित किये गये है। तेज एक्स

## धानमण्डी में 1 मार्च को लगेगा निणगम का बकाया वसूली शिविर

रतलाम। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम से संबंधीत करों को जमा कराने हेतु वार्ड वार बकाया वसूली शिविर 18 जनवरी से आयोजित किये गये है जो 27 मार्च तक चलेंगी। आयोजित शिविरों में नागरिक नगर निगम की बकाया संपत्तिकरण, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लायसेंस शुल्क एवं विकास शाखा से संबंधित भवन की किश्त तथा भू-भाटक की बकाया राशि जमा करा सकेगें। स्वदेश 28

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार राज एक्सप्रेस पृष्ठ 01 दिनांक 28/02/2021

# पर्यवेक्षक अपने-अपने वार्डो में प्रतिदिन भ्रमण करें : आयुक्त

## अभियान के तहत रतलाम को नंबर वन बनाने की तैयारी जारी

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता में नम्बर 1 बनाने हेतु युद्ध स्तर पर की जाने वाली तैयारियों के संबंध में वार्ड वार नियुक्त पर्यवेक्षकों अपने-अपने वार्डों में सफाई कार्य हेतु पर्यवेक्षण निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार किया जाकर प्रतिदिन के पर्यक्षण कार्य की रिपोर्ट व्हाट्स एप ग्रुप में दी जाकर स्वच्छता संबंधी कार्य करवाया जा रहा है। निगम आयुक्त के निर्देशानुसार वार्ड क्रमांक 5, 37, 38, 39 व 46, के पर्यवेक्षकों ने अपने-अपने वार्ड में भ्रमण कर जानकारी प्रस्तुत की जिसके तहत वार्ड क्रमांक 5 में सफाई संरक्षक समय पर उपस्थित नहीं हुए इसी तरह वार्ड 37 में 6, 38 में 3 व वार्ड 46 में 2 सफाई संरक्षक अनुपस्थित पाये गये इसके अलावा वार्ड 39 स्थित सैलाना रोड पर घांस विक्रेता से घांस जब्त की गई।

### प्रतिदिन रिपोर्ट भेजना आवश्यक

निगम आयुक्त ने नियुक्त पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया है कि वे अनिवार्य रूप से प्रतिदिन अपने-अपने वार्डों में प्रातः 6 बजे से भ्रमण कर प्रतिदिन के कार्य की रिपोर्ट व्हाट्स एप ग्रुप में अपलोड करें। वार्डो में भ्रमण नहीं करने वाले पर्यवेक्षकों व जानकारी नहीं देने वाले पर्यवेक्षकों पर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। बैठक में निगम आयुक्त ने वार्ड वार नियुक्त 23 पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया था कि वे अपने-अपने वार्डों में प्रातः 6 बजे से भ्रमण कर वार्ड में साफ-सफाई, विशेष रूप से सड़कों, नालियों की सफाई, उद्यानों की साफ-सफाई व रख-रखाव करवाना, सार्वजनिक दिवारों पर स्वच्छता का संदेश देने वाली वॉल पेंटिग करवाना, सर्वेक्षण के मानक अनुसार वार्डों में साइनेज का कार्य करवाना, वार्डो में उचित दूरी पर डस्टबीन रखवाना, कचरा संग्रहण वाहनों की मॉनीटरिंग करना, कचरा पृथक्कीकरण हेतु नागरिकों को प्रेरित करना, पृथक्कीकरण अवस्था में कचरा टेंचिंग ग्राउण्ड पर पंहुचाना, वार्डो में आईईसी गतिविधियां संचालित कर नागरिकों को स्व%छता के लिए प्रेरित करना, कचरा संग्रहण वाहनों की जीपीएस ट्रेकिंग करवाना, थोक कचरा उत्सर्जन वाले संस्थानों में उनके ही स्थल पर जैविक खाद निर्माण करवाना, नागरिकों को होम कम्पोस्टिंग किये जाने हेतु प्रेरित किये जाने के साथ ही अपने-अपने वार्डों में 6-6 वेस्ट पाईंट चिन्हित करें करने के निर्देश दिये थे। इसके अलावा नियुक्त पर्यवेक्षक प्रतिदिन के कार्यों की रिपोर्ट प्रतिदिन सांय 6 बजे प्रस्तुत करेंगे। स्व%छता के कार्य को सुगम बनाने व कार्य में गति प्रदान करने हेतु नियुक्त पर्यवेशेक व्हाट्स एप ग्रुप प्रतिदिन की रिपोर्ट अपलोड करें।